देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 126 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 15 अगस्त 2020

स्वतंत्रा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पेज श्री समाचार पत्र का अगला अंक आप तक मंगलवार को पहुंचेगा।

मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 24.0°

38040.57

2 अमेरिका ने तैनात किए घातक बॉम्बर

7 कोहली ने पूछा था–यह कैसा बोलर है ?

संक्षिप्त समाचार

अवमानना केसः वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण दोषी करार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण को अवमानना मामले में दोषी करार दिया है। उनकी सजा पर 20 अगस्त को बहस होगी। भूषण को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया एसए बोबड और चार पूर्व मुख्य न्यायाधीशों के बारे में किए गए दो ट्वीट्स के लिए अवमानना का दोषी माना है। अदालत में अब उनकी सजा पर 20 अगस्त को सुनवाई होगी। कोर्ट ने इस मामले में प्रशांत भूषण को 22 जुलाई को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हुए कोरोना नेगेटिव

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोरोना मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। शाह ने शुक्रवार को ट्वीट कर बताया कि उनकी कोरोना टेस्ट रिपोर्ट नेगेटिव आई है लेकिन वह डॉक्टरों की सलाह पर अभी कुछ और दिनों तक होम आइसोलेशन में रहेंगे।

गहलोत सरकार ने जीता विश्वास मत

स्पीकर सीपी जोशी ने 21 अगस्त सदन की कार्यवाही स्थगित किया

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

जयपुर। राजस्थान में जारी सियासी घमासान के बीच अशोक गहलोत की सरकार ने विश्वास मत जीत लिया है। शुक्रवार को सरकार की ओर से विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पेश किया गया, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से जोरदार बहस हुई। सीएम गहलोत के सदन में अपनी बात रखने के बाद विश्वास प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। इसी के साथ स्पीकर सीपी जोशी ने 21 अगस्त सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया।

पायलट बोले- विश्वास मत अच्छे बहुमत के साथ पारितः सत्र के बाद सचिन पायलट ने कहा, श्सरकार की ओर से विधानसभा में जो विश्वास प्रस्ताव लाया गया वो बहुत अच्छे बहुमत के साथ पारित हो गया है। विपक्ष की ओर से काफी प्रयास के बावजूद परिणाम सरकार के पक्ष में हैं। इसी के साथ उन सभी संदेह पर पूरी तरह से विराम लग गया जो लगातार उठ रहे थे। जो मुद्दे उठाए जा रहे थे उन सभी मुद्दों के लिए एक रोडमैप तैयार किया गया है। मुझे पूरा विश्वास है कि रोडमैप का ऐलान समय पर कर दिया जाएगी।

जानिए क्या है विधानसभा में सीटों का आंकड़ा

प्रदेश सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल ने विश्वास प्रस्ताव को सदन में पेश किया। जिसके बाद इस प्रस्ताव पर विधानसभा में जमकर बहस हुई। दोनों पक्षों की ओर से बात रखे जाने के बाद गहलोत सरकार ने ध्वनि मत से विश्वास मत हासिल कर लिया। पायलट के मानने और पार्टी में वापसी के बाद गहलोत सरकार का पक्ष पहले से मजबूत नजर आ रहा था। ऐसा इसलिए भी क्योंकि नंबर गेम में सत्ताधारी खेमे में 122 विधायकों का आंकड़ा है।

सीट बदलने के मुद्दे पर क्या बोले सचिन पायलट

विधानसभा में सीट बदलने के मुद्दे पर सचिन पायलट ने कहा, पहले मैं सरकार का हिस्सा था लेकिन अब मैं सरकार में नहीं हूं। यह महत्वपूर्ण नहीं है कि कोई कहां बैठता है, लेकिन लोगों के दिल और दिमाग में क्या है। जहां तक बैठने के पैटर्न पर विचार किया जाता है, यह स्पीकर और पार्टी की ओर से तय किया जाता है और मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता।

श्रीनगर के नौगांम में आतंकी हमला

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर में 15 अगस्त से एक दिन पहले पहले शुक्रवार को श्रीनगर के बाहरी इलाके नौगांम में पुलिस टीम पर हुए आतंकियों के हमले में 2 पुलिसकर्मी शहीद हो गए। हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हुआ है। इलाके की घेराबंद कर ली गई है और सर्च ऑपरेशन जारी है। आतंकियों ने नौगाम में 15 अगस्त के लिए सुरक्षा में तैनात पुलिस पार्टी पर हमला किया। श्रीनगर के नौगाम बाइपास पर शुक्रवार सुबह आतंकी हमला हुआ है।

कश्मीर जोन पुलिस के अनुसार, नौगांम बाइपास के पास नाके पर आतंकियों ने पुलिस पार्टी पर गोलाबारी की। इस हमले में तीन जवान घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दो जवानों ने दम तोड़ दिया।

सर्च ऑपरेशन जारी

15 अगस्त से एक दिन पहले आतंकी हमले से कश्मीर में हलचल तेज है। इससे पहले गुरुवार को

हमला

2 पुलिसकर्मी शहीद, 1 घायल

श्रीनगर में 15 अगस्त को कार्यक्रम

इलाके में आतंकी हलचल देखी गई थी जिसके बाद पुलिस और सेना ने पूरे इलाके को घेरकर ऑपरेशन शुरू कर दिया था लेकिन अभी आतंकियों के साथ कोई मुकाबला नहीं हुआ। बता दें कि शनिवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर श्रीनगर सिटी में प्रदेश का मुख्य कार्यक्रम होना है। यहां पर नए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को ध्वजारोहण करना है।

श्रीनगर के शहीदगंज इलाके में आतंकियों की मौजूदगी के बाद सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था।

बताया जा रहा है कि बारामुला के डॉगी पहाड़ी इलाके में सुरक्षाबलों ने एक तलाशी अभियान के दौरान 10 ग्रेनेड दो डेटोनेटर दो रेडियो सेट तीन पिस्तौल और असाल्ट राइफल के कारतूस के अलावा पाकिस्तानी करंसी भी बरामद की है।